p>

Title: Demand to increase reservation quota for Scheduled Tribes in Dadra and Nagar Haveli.

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा निर्वाचन क्षेत्र युनियन टेरिटरी दादरा और नागर हवेली के बारे में बताना चाहता हूं । यह बहुत गंभीर और महत्वपूर्ण मामला है । दादरा और नागर हवेली में अनुसूचित जनजाति की संख्या 60 परसेंट है । वहां ग्रुप बी और ए के लिए सरकारी नौकरियों में रिजर्वेशन सिर्फ सात परसेंट है । यह बहुत ही गंभीर बात है । यहां के लोगों और अनुसूचति जनजाति के साथ बहुत बड़ा अन्याय है । अनुसूचित जाति की संख्या सिर्फ एक परसेंट है, उनके लिए रिजर्वेशन 15 परसेंट है । ओबीसी की संख्या 10 परसेंट है और उनके लिए आरक्षण 15 परसेंट है । एक तरफ अनुसूचित जनजाति की संख्या 60 परसेंट है और उनके लिए रिजर्वेशन सिर्फ 7 परसेंट है । सरकारी नौकरियों में इन लोगों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है । अन्य राज्यों में भी इनको नौकरी नहीं मिलती है । यदि उनको अपने क्षेत्र में नौकरी नहीं मिलेगी तो वे लोग कहां जाएंगे?

यह केन्द्र शासित प्रदेश हैं । मैं चाहूंगा कि भारत सरकार इस मामले में तुरंत इंटरवीन करे । जो नोटिफिकेशन सिर्फ 7 परसेंट का निकला गया है, उसको रद्द किया जाए । नया नोटिफिकेशन निकाला जाए और जितनी जनसंख्या है उतनी जनसंख्या के मुताबिक वहां पर आदिवासियों और अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण मिले, यह मैं भारत सरकार से चाहता हूं । खासकर गृह मंत्रालय इसमें इंटरवीन करे और नया नोटिफिकेशन निकाले यह मैं गुजरिश करूंगा । …(व्यवधान) हम लोग जीरो ऑवर में अपने क्षेत्र की जिन समस्याओं को रेज करते हैं, उसमें क्या कार्रवाई होती हैं, हमें पता नहीं चलता है । लेकिन आज आपने यह व्यवस्था दी है और पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर मेघवाल जी

ने दो बातें यहां रखी हैं । ...(व्यवधान) हम कार्यवाही के लिए भारत सरकार का और आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं ।

माननीय अध्यक्ष: व्यवस्था सरकार ने दी है । मैंने नहीं दी है । माननीय सदस्यगण, फिर एक बार मैं आपको स्पष्ट कर दूं कि माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा है कि जिन माननीय सदस्यों ने शून्यकाल में केंद्र सरकार से संबंधित सवाल उठाये हैं, उनको हम डिपार्टमेंट को रेफर करेंगे ।

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): महोदय, अगर डिपार्टमेंट आवश्यक समझता है, तो वह उत्तर देता है ।

माननीय अध्यक्ष: ठीक है ।